तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4

शहर विकास के लिए 41 करोड़ के कार्यों को मंजूरी



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

## जिले में 2 लाख से अधिक पौधे किए जाएंगे वितरित

# एक पेड़ मां के नाम: सीएम साय ने किया महाभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जशपुर जिले में पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने दुलदुला में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 10 हितग्राही महिलाओं को अमरूद का पौधा व संदेश पत्र भेंट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जीवनदायिनी धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और आने वाली पीढियों को अनुकूल वातावरण देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेरणादायी अभियान, 'एक पेड़ माँ के नाम' की शुरुआत की है। हमारी सभी माताओं-बहनों को एक पौधा भेंट कर रहा हूं। यह पौधा प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी के साथ ही उससे हमारे अटूट संबंध को दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि पौधे से हमें प्राण वायु मिलती है। जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। पौधरोपण से पर्यावरण में सुधार होता है और मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन मिलती है। मुख्यमंत्री साय ने हितग्राही अनिता लकड़ा को अमरूद का पौधा सौंपते हुए पूछा कि पौधा कहां पर लगाएंगे। अनिता ने बताया कि इसे अपने आंगन में लगाऊंगी। मुख्यमंत्री साय ने हितग्राहियों को पौधे वितरित किए और उन्होंने कहा कि इन पौधों को रोपित कर उन्हें अपने बच्चों की तरह देख-भाल करें। ताकि भविष्य में आने वाले पीढ़ी को इन पौधरोपण का लाभ मिल सके। इस अवसर पर सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनि भगत, विधायक पत्थलगांव गोमती साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत इस पौध वितरण महाभियान के तहत महतारी वंदन की हितग्राही महिलाओं को जशपुर जिले में 2 लाख से अधिक पौधे वितरित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए पंचायत स्तर पर तैयारी कर ली है।



हितग्राही को पौधा वितरित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

### संकल्प कार्यक्रम का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दुलदुला में सामाजिक जागरूकता व्यवहार परिवर्तन के लिए संचालित "संकल्प जशपुर" कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के माध्यम से जिले में महिलाओं को जागरूक करने बाल विवाह रोकथाम, टीकाकरण, सिकलसेल, सर्पदंश की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिला प्रशासन और यूनिसेफ के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, एनआरएलएम के सहयोग से वॉलिंटियर्स द्वारा 160 से अधिक पंचायतों में जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जनजागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के जरिए कार्यक्रम प्रस्तुत कर सिकलसेल एनीमिया, सर्पदंश से सुरक्षा, जच्चा-बच्चा टीकाकरण, स्कूल चलो अभियान, पौधरोपण के अलावा स्वास्थ्य और जलजनित बीमारी की रोकथाम और बचाव के उपाय की जानकारी को प्रदर्शित की जा रही है, ताकि आम जनता इससे सीख ले सके। मुख्यमंत्री साय ने संकल्प कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो, कटआउट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण यूनीसेफ के जिला समन्वयक तेजराम सारथी एवं उनकी टीम, जिला प्रशासन और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



मुख्यंत्री का स्वागत करते संकल्प जशपुर के सदस्य।



## जनता के हित में सभी विकास कार्य होंगे सांय-सांय : विष्णुदेव

■ जीत के लिए कुनकुरी विधानसभा के मतदाताओं का जताया आभार

जिले के दुलदुला विकासखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता अभिनन्दन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा चुनाव में अपनी जीत के लिए कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आपके क्षेत्र का बेटा मुख्यमंत्री है और प्रदेश के विकास तथा जनहित में जो भी कार्य है वह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी कुछ महीने ही हुए हैं। सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत करने का काम किया है। किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की गई। प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना से हर माह 1 हजार राशि दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 4000 से 5500 कर दिया गया है। राम लला दर्शन योजना का लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब सभी विकास कार्य सांय-सांय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन में पारदर्शिता लाने काम हो रहा है। गड़बड़ी की शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख काम कर रही है। कार्यक्रम में सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक रायमुनी भगत, विधायक गोमती साय ने भी मतदाताओं का आभार जताया।

### सामुदायिक भवन के लिए दिए 1 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री ने दुलदुला में विकास कार्यों की सौगात भी दी। दुलदुला में व्यवस्थित सामुदायिक भवन के लिए 1 करोड़ की घोषणा, दुलदुला में बस स्टैंड, मिनी इंडोर स्टेडियम, हायर सेकंडरी स्कूल, दुर्गा पंडाल के लिए 10 लाख की घोषणा की। सोकोड़ीपा में यादव समाज के भवन में बाउंड्रीवाल के लिए 15 लाख, शारदा धाम के लिए जमीन, दुलदुला में एंबुलेंस और शव वाहन की घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### इंदौर से अपहत बालिका को पुलिस ने किया बरामद

**जांजगीर-चांपा।** हमर पुलिस हमर संग अभियान के दौरान इंदौर से अपहत बालिका को सकुशल बरामद करने की कार्रवाई नवागढ़ पुलिस द्वारा की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम के अंतर्गत बालक व बालिकाओं के विरुद्ध हुए अपराध संबंधित अपराध को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत माह मई 2024 में गुम हुई बालिका के माता पिता के द्वारा थाना नवागढ़ में अपराध दर्ज कराया गया था। की उनकी पुत्री बिना बताए कही चली गई है अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसला कर भगा कर ले गया है, जिस पर से थाना नवागढ़ में धारा 363 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तकनीकी सहायता से अपहता की जानकारी इंदौर तरफ मिलने में पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में तत्काल टीम गठित कर अपहता को इंदौर से बरामद किया जाकर उसके परिजनों को सकुशल सौपा गया। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त प्रकरण में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, महिला प्रधान आरक्षक स्वाति गिरोलकर, आरक्षक जनक कश्यप, साइबर से प्रधान आरक्षक विवेक सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार पीड़िता की नवीन श्रीवास से जान पहचान थी, दोनों आपस में बात करते थे। इसी बीच आरोपी नवीन श्रीवास ने पीड़िता को शादी करने की बात कहकर उसका दैहिक शोषण किया और शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध धारा 376(2) (ढ), 506 भादवि के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण की विवेचना कार्यवाही को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला एसपी जांजगीर चांपा के निर्देशन में आरोपी की पतासाजी के लिए थाना स्तर से टीम गठित कर किया। एएसपी राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी नवीन श्रीवास पिता स्व. जयराम श्रीवास को उसके घर से पकड़ा। पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### नकद, मोबाइल सहित दो जुआरी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** क्षेत्र में जुआ खेलने एवं खिलाने वाले दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से मोटरसायकल, मोबाइल,नगदी समेत कुल 1 लाख 21 हजार का माल जब्त किया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में जुआ सट्टा खिलाने एवम खेलने वाले के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में जुआ खेलने की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जायसवाल एवं चांपा एसडीओपी यदुमणी सिदार के कुशल मार्ग दर्शन में जुआ खेलने वाले के विरुद्ध रेड कार्यवाही की गई।

## बीएससी नर्सिंग की 617 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा


परीक्षा लिखते परीक्षार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ जशपुर जिले में परीक्षा के लिए बनाए गए थे तीन परीक्षा केंद्र

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बीएससी नर्सिंग के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में राम भजन राय महाविद्यालय, विजय भूषण कन्या महाविद्यालय तथा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केंद्र बनाए गए।


जिले में 1379 छात्र छात्राओं ने परीक्षा के लिए पंजीयन किया था। यह परीक्षा आज प्रातः 10 से 12:15 में संपन्न हुई। जिले के तीनों परीक्षा की परीक्षा केन्द्रों में कुल 762 परीक्षार्थियों ने बीएससी नर्सिंग की परीक्षा दी तथा तीनों केंद्र में अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 617 रही। जिले के नोडल अधिकारी ने बताया की परीक्षा शांतिपूर्वक एवं निर्विवाद रूप से संपन्न हुआ। जिले में परीक्षा के संबंध में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के जिला समन्वयक के डॉ विजय रक्षित, प्राचार्य ने बताया की सभी केंद्रों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था एवं समय पर सभी सामग्री पहुंचाने एवं प्राप्त होने से यह परीक्षा संपन्न हुआ। शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर के केन्द्राध्यक्ष प्रो डीआर राठिया ने बताया की इस जिले में छात्राओं को विशेष रूप से नर्सिंग के क्षेत्र में जाने की इच्छाएं रहती है। इस कारण से पूर्व के परीक्षाओं के अनुपात में इस परीक्षा में उपस्थिति ठीक रही।

## सोलर पानी टंकी में छेद, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

दो वर्ष पूर्व हुई थी स्थापना एक महीने से हुआ है लीकेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्रेडा विभाग द्वारा लगाए गए पानी टंकी में हुआ लीकेज ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन गया है। एक महीने से टंकी हुए छेद के कारण पानी बर्बाद हो जा रहा है और लोगों को अपनी जरूरतों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। बड़ी बात यह है कि महज दो वर्ष पूर्व ही सोलर टंकी की स्थापना की गई थी। हालांकि इस मामले में अधिकारी जल्द से जल्द सुधार की बात कह रहे है। बता दें कि विकासखंड के ग्राम कोटगहना चौक के समीप क्रेडा विभाग द्वारा दो वर्ष पूर्व सोलर पानी टंकी स्थापित किया गया था ताकि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके लेकिन विभाग द्वारा लगाई गई टंकी समय से पहले ही फूट गई। टंकी में छेद हो गया है और विगत एक माह से जब भी ग्रामीण इस टंकी को भरने का प्रयास करते है पानी बह जाता है। इतना ही नहीं टंकी का पानी बहकर पास में मौजूद ग्रामीण वीरेंद्र यादव की बाड़ी में पहुंच जाता है जिससे उसके बाड़ी में लगी फसलों को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा पानी टंकी के फूटने की शिकायत विभाग से की गई लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। टंकी फटने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण वीरेंद्र यादव ने बताया कि पानी टंकी फटने से हम लोग को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। टंकी का पानी मेरे खेत में भर जाता है जिससे खेती में दिक्कत हो रही है।



इस संबंध में क्रेडा विभाग के सहायक यंत्री रामायन उपाध्याय ने कहा कि पानी टंकी फूटने की जानकारी मिली है। जल्द ही टंकी के सुधार का कार्य कराया जाएगा।

### बारिश: तेज हवाओं में उड़े दुकानों के छप्पर

**सेदम/बतौली।** शुक्रवार को जिले में मानसून की सक्रियता से हुई बारिश ने लोगों को राहत दी है लेकिन मूसलाधार बारिश अपने साथ कई स्थानों पर आफत भी लेकर आई। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण ग्रामीणों के दुकानों के छप्पर उड़ गए। बता दें कि सेदम में साप्ताहिक बाजार लगता है। साप्ताहिक बाजार में छोटे छोटे खपरैल झोपड़ी बनाकर लोग अपना व्यवसाय करते है। शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश साप्ताहिक बाजार में लोगों के लिए मुसीबत लेकर आई।

## एक महीने में दिया 18 लाख का जुर्माना फिर भी नहीं बदली आदत

**अम्बिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान और कार्रवाई के बाद भी लोगों की आदतों में सुधार नहीं आया है। लगातार जुर्माना लगाने की कार्रवाई के बाद भी लोग यातायात नियमों को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे है और यही वजह है कि पुलिस भी नियम तोड़ने वालों से सख्ती से पेश आ रही है। सरगुजा पुलिस ने जून महीने में ही सर्वाधिक 2544 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 18 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल लिया गया है इसके साथ ही वर्तमान में भी पुलिस की कार्रवाई जारी है। बता दें कि सरगुजा जिले में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ा हुआ है। एसपी के निर्देश पर यातायात व सरगुजा पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। शहर के बाइकर्स, तीन सवारी, पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले बाइक, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों, सिग्नल तोड़ने वालों व अन्य प्रकरणों में पुलिस द्वारा चेकिंग प्वाइंट लगाकर चालानी कार्रवाई की जा रही है।

## माइक्रो फाइनेंस कंपनी का 35 लाख रुपए लेकर कर्मचारी फरार

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में माइक्रो फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी द्वारा हितग्राहियों के 35 लाख रुपए के गबन मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। आरोपी फील्ड ऑफिसर ने 114 उपभोक्ताओं का लोन पास करके राशि की हेराफेरी की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में बेल स्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की शाखा संचालित है।

कंपनी के एरिया मैनेजर घनश्याम यादव ने पुलिस को शिकायत की थी कि कंपनी की वाड्रफनगर स्थित शाखा में पदस्थ सेल्स ऑफिसर शरीफ अंसारी द्वारा कंपनी के उपयोक्ताओं को प्रदान की गई ऋण की राशि गबन कर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की गई है। शिकायत के अनुसार बेलस्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड आरबीआई अधिनियम 1934 की धारा 45( झ) द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए गैर बैंकिंग वित्तिय संस्था के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत व स्थापित है। कंपनी द्वारा लोगों को खेती किसानी व छोटे मोटे उद्योग धंधों के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। कंपनी की मुख्य शाखा चेन्नई में है और देश भर में इसकी शाखाएं फैली हुई है। वाड्रफनगर में कंपनी की शाखा 18 जनवरी 2019 से संचालित हो रही है। कंपनी द्वारा गांव में महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कंपनी के लिए कर्मचारी नियुक्त किए जाते है। इनमें से ही एक कर्मचारी सूरजपुर जिले के भैयाथान अंतर्गत सोनपुर शिवप्रसाद नगर निवासी शरीफ अंसारी आ. गुलाम जिलानी द्वारा क्षेत्र के लगभग 114 उपभोक्ताओं का लोन पास कराया गया और लोन की राशि 35 लाख रुपए का गबन किया।

### विशेष संरक्षित जनजातीय समुदाय की वृद्धा को महीनों से नहीं मिल रहा था राशन

# अब जागा खाद्य अमला, वृद्धा के घर पहुंचा सात माह का राशन

मयंक शर्मा ⏭ कोतबा

विशेष संरक्षित जनजातीय समुदाय की 75 वर्षीय वृद्धा महिला को कई महीने से सरकारी राशन नहीं मिल रहा था। राशन दुकान की गड़बड़ी की जांच में पहुंचे खाद्य निरीक्षक ने उसे 7 माह का राशन उपलब्ध कराया और अब उसके आधार कार्ड में नॉमिनी जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई है।

मामला जिले के पत्थलगांव ब्लाक के ग्राम पंचायत झिमकी के आश्रित गांव नया खूंटापानी गांव का है। जंगल के किनारे स्थित इस छोटे से गांव के एक मिट्टी के कच्चे मकान में दिन गुजार रही 75 वर्षीय धनकुंवेर हसदा ने हरिभूमि को बताया कि उसके पति सुखीराम का लगभग 3 साल पहले लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। उम्र की अधिकता के कारण कमर पूरी तरह से झुक चुकी है। पति के गुजर जाने के बाद धनकुंवर के सामने उस समय भूखों मरने की नौबत आ गई जब दिसंबर 2023 से उसे शासकीय उचित मूल्य की दुकान झिमकी से राशन मिलना बंद हो गया। सरकारी राशन बंद होने पर पड़ोसियों की सहायता से संघर्ष करते हुए दिन गुजार रही थी। फांके में दिन गुजार रहे धनकुंवेर हसदा का मामला दो दिन पूर्व उस समय सामने आया जब झिमकी के उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर हितग्राहियों ने विरोध करते हुए दुकान के सामने बैठ गए थे। इसी दौरान हितग्राहियों ने धनकुंवेर को महीनों से राशन ना मिलने की बात मौके पर पहुंचे मीडिया को बताया था। दूसरे दिन जब इस मामले की जांच के लिए खाद्य निरीक्षक अजय प्रधान झिमकी पहुंचे तो स्थानीय रहवासियों के अनुरोध पर वे धनकुंवेर बाई के घर पहुंचे और पूरे मामले की ⏭ शेष पेज 4 पर


75 वर्षीय धनकुंवेर हसदा को राशन कार्ड देते खाद्य निरीक्षक।

### अब नहीं होगी परेशानी

आधारकार्ड लिंक ना होने के कारण वृद्धा धनकुंवेर हसदा को राशन नहीं मिल पा रहा था। राशनकार्ड में नामिनी की एंट्री कर दी गई है। इससे आगे हितग्राही को राशन प्राप्त करने में परेशानी नहीं होगी।'

-**अजय प्रधान**, खाद्य निरीक्षक,पत्थलगांव

## फावड़ा मारकर पिता की हत्या, आरोपी पुत्र गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** नशे की हालत में फावड़ा मारकर पिता की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को प्रार्थी फागुना राम 35 साल निवासी कुरोग ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि पड़ोस में रहने वाले बड़े पिता ठाकुर राम के आंगन में लड़ाई-झगड़ा करने का आवाज सुनाई दिया। मौके पर जाकर देखा तो इसके बड़े पिता ठाकुर राम आंगन में चित पड़े हुए थे एवं उनके सिर से खून निकल रहा था। विवेचना दौरान थाना बगीचा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दबिश देकर आरोपी संजय नागवंशी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में संजय नागवंशी ने बताया कि वह शराब के नशे में था। उसके पिता द्वारा खेत में हल चलाने को लेकर विवाद हुआ और संजय ने आवेश में आकर लोहे का फावड़ा से अपने पिता ठाकुर राम के सिर, कान एवं चेहरा में कई बार वार कर हत्या कर दिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त फावड़ा को जब्त किया गया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## खबर संक्षेप



### नगर में पहुंची मां बनभौरी की निशान पद यात्रा

**बिश्रामपुर।** मां बनभौरी देवी की प्रथम निशान पद यात्रा का आयोजन दुर्गा पंडाल भैयाथान रोड सूरजपुर से आरंभ होकर कोयलांचल बिश्रामपुर पहुंची। नगर के साई परिसर में जलपान की व्यवस्था की गई ,यहां जलपान उपरांत पदयात्रा अम्बिकापुर के लिए रवाना हो गई।पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला,पुरुष व युवा वर्ग की उपस्थिति रही।बिश्रामपुर में जलपान की व्यवस्था में लगे सेवादारों में प्रदीप गोयल, रिंकू गोयल, विजय गोयल,गोपाल तायल,सन्नी गर्ग,राम अवतार, मयंक गोयल सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### डेड़री में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**मानीचौक।** ग्राम पंचायत डेडरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें नव प्रवेशी कक्षा पहली,छठवीं एवं नवमी के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया तथा बच्चों को मिलने वाले विभिन्न सुविधाओं का वितरण किया। इसके अलावा शाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य मोती लाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए विद्या अर्जित करने की सलाह दी। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिंह, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह, प्रदीप भूषण कुजूर, कामता प्रसाद सिंह, श्रीमती मानती सिंह, निशी एलिश, वासुदेव चक्रधारी सहित अभिभावक उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम मनाने हुई समिति की बैठक



**लखनपुर।** मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दौरान बताया गया कि समाज द्वारा पहलाम के दिन 17 जुलाई को ताजिया के साथ जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान जुलूस के रूट चार्ट, झंडा की ऊंचाई, साउंड सिस्टम सहित अन्य विषयों को लेकर चर्चा की गई। मोहर्रम के जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। बैठक में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने लोगों को शांतिपुर्ण तरीके से पर्व मनाने का आह्वान किया गया ताकि किसी प्रकार की कोई घटना या अनहोनी न हो। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष राम नारायण दुबे, समीम खान, ऐनुल खान, फिरोज खान, मोहम्मद हासिम शेख, आसिफ, कोसगा पूर्व सरपंच लोचन सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### ग्रामीण कर रहे थे प्लांटेशन काटकर जुताई, वन अमले ने जब्त की ट्रैक्टर



**रामानुजगंज।** वन भूमि में किए गए प्लांटेशन को दो ग्रामीणों ने न सिर्फ कटाई किया बल्कि खेती करने के लिए ट्रैक्टर से जुताई करना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी लगने पर वन विभाग ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। वन क्षेत्र धमनी अंतर्गत ग्राम विमलापुर में ढाई हेक्टेयर वन भूमि पर वन विभाग द्वारा पौध रोपण किया गया था। इसी बीच आज दोपहर वन विभाग को सूचना मिली कि विमलापुर निवासी रसीद आ. वकील एवं कन्हाई आ. राम रतन द्वारा कच्छ क्रमांक पी 482 वन खंड अनमोल के ढाई हेक्टेयर में ट्रैक्टर से जुताई की जा रही है वही प्लांटेशन एरिया के पौधों को भी काट दिया गया है। सूचना पर रेंजर अजय वर्मा टीम के साथ तत्काल मौके पहुंचे और जुताई कर ट्रैक्टर को जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## उत्साहित किसान जुटे बुनाई-रोपाई में

# तीन दिन हुई वर्षा से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनो में हुई अच्छी वर्षा से पानी की कमी से गंभीर संकट से जूझ रहे सरगुजा के किसानों को काफी राहत मिली है।

**खास बात**

- 63 फीसदी कम वर्षा का आंकड़ा तीन दिन में पहुंचा 58 प्रतिशत

कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। हाल में हुई वर्षा से परेशान किसानों का उत्साह बढ़ गया है तथा ठप पड़ा रोपाई-बुनाई का कार्य जोर-शोर से प्रारम्भ हो गया है।

मानसून के कमजोर आगाज के बाद से ही सरगुजा वर्षा की कमी से जूझ रहा था तथा तीन दिन पूर्व तक सामान्य से 63 प्रतिशत कम वर्षा होने के कारण बुनाई-रोपाई का कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया था। वर्षा की स्थिति से किसान भयभीत थे। बुधवार को मौसम में बदलाव आया तथा पहली बार 66 मिमी वर्षा हुई। इसके बाद लगातार तीन दिनों तक अच्छी वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले तीन दिनों में 375.0 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है। पिछले तीन दिनों में हुई बारिश से अभी वर्षा की कमी दूर नहीं हुई है लेकिन कम वर्षा के मामले में छत्तीसगढ़ के सबसे निचले पायदान पर पहुंचे सरगुजा की स्थिति अब बदल गई है तथा पिछले चार दिनों में ही सामान्य से 63 फीसदी कम वर्षा का आंकड़ा बढ़कर 58 फीसदी पर पहुंच गया है। हालांकि वर्षा की स्थिति अभी भी अच्छी नहीं है। आगे नियमित वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सरगुजा में जून के महीने में औसत 221.1 मिमी की तुलना में मात्र 115 मिमी एवं 10 जुलाई तक औसत 115 मिमी की तुलना में 17.8 मिमी कुल 133.6 मिमी वर्षा हुई थी। बलरामपुर को छोड़कर कमोवेश यही स्थिति सरगुजा संभाग के अन्य जिलों की थी।

पिछले तीन दिनों की वर्षा के बाद बलरामपुर जिले में वर्षा का आंकड़ा सामान्य से 16 फीसदी ऊपर पहुंच गया है। बलरामपुर में औसत 263 मिमी की तुलना में अब तक 305 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। संभाग में कम वर्षा के मामले में सरगुजा अभी भी सभी जिलों से ऊपर है। सरगुजा में औसत 376.2 मिमी की तुलना में मात्र 159 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है जो औसत से 58 प्रतिशत कम है। सूरजपुर में औसत 343.9 मिमी की तुलना में 43 फीसदी कम 195.3 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है। जशपुर में औसत 447.6 मिमी की तुलना में 48 फीसदी कम 223.2 मिमी एवं कोरिया में औसत 223.5 मिमी की तुलना में 35 फीसदी कम 210.0 मिमी वर्षा हुई है। अच्छी वर्षा होने से अब पानी की कमी से मुरझा रहे बीड़ा को बचाने की चिंता खत्म हो गई है। धान के खेत लबालब हो गए हैं लेकिन रोपाई के लिए अभी भी नियमित वर्षा की जरूरत पड़ेगी।



बारिश के बाद खेतों में जमा पानी।

**रोपाई-बुनाई में जुटे किसान**

पिछले तीन दिनों में हुई अच्छी वर्षा से उत्साहित कृषकों ने रोपाई-बुनाई का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। अब गांवों में जगह-जगह धान रोपाई करती महिलाओं का सामूहिक गीत गूंजना शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानी अभी मौसम की स्थिति अनुकूल बता रहे हैं तथा रविवार तक वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि स्थितियां अनुकूल होने के बावजूद शनिवार को मौसम साफ रहा तथा तीन दिनों बाद अच्छी धूप निकली। मौसम विज्ञानी के अनुसार शनिवार को द्रोणिका की स्थिति में कुछ बदलाव आया है लेकिन अभी भी द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में है तथा डिहरी एवं आसनसोल से गुजर रहा है। बिहार एवं झारखण्ड के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जो वर्षा के लिए अनुकूल स्थितियां निर्मित करेगा।

**1358 हेक्टेयर में सिमटी रोपाई**

कम वर्षा के कारण अब तक 1358 हेक्टेयर में ही धान की रोपाई हो पाई है जो लक्ष्य का मात्र 2.79 फीसदी है। समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण सरगुजा में बोता धान की खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। कृषि विभाग के अनुसार अब तक 11349 हेक्टेयर में बोता धान की बुनाई की गई है जो लक्ष्य का 47.56 फीसदी है। कम वर्षा होने के बावजूद मक्का की बुनाई 47 फीसदी पूरी हो गई है। दलहन एवं तेलहन फसलों की बुनाई की गति धीमी है।

**कुसमी में 235 मिमी वर्षा**

पिछले 24 घंटे में बलरामपुर जिलान्तर्गत कुसमी ब्लाक में सर्वाधिक 235 मिमी वर्षा हुई है। इसी तरह बलरामपुर में 47.2 मिमी, डौरा-कोचली में 52.5 मिमी एवं रघुनाथ नगर में 92.41मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी में 44.2 मिमी, रामानुजनगर में 66.4 मिमी एवं सरगुजा जिलान्तर्गत अम्बिकापुर में 90.2 मिमी, सीतापुर में 47.5 मिमी वर्षा हुई है। पिछले तीन दिनों की वर्षा ने पूरे संभाग को प्रभावित किया है।

**परिस्थितियां अनुकूल**

अभी भी वर्षा की अनुकूल परिस्थितियां हैं। तीन दिन हुई अच्छी वर्षा से स्थिति में काफी सुधार आया है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी



## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति ने चार स्थानों को किया ब्लैक स्पॉट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति ने प्रतापपुर ब्लॉक के घाट पेंडारी, गोटगवा स्कूल से पुल, सिंगनडोल से धरमपुर और खड़गवां से उरांव पारा तक चार स्थानों को अधिक दुर्घटना जन्य क्षेत्र मान ब्लैक स्पॉट घोषित किया है। संबंधित क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों समेत गांव के लोगों को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से दुर्घटना में घायल लोगों को त्वरित उपचार एवं एंबुलेंस व्यवस्था कर अस्पताल तक भेजने हेतु जानकारी दी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंपापुर के चिकित्सा अधिकारी अभिलाष सिंह द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति द्वारा खड़गवां से पंपापुर उरांव पारा तक घोषित ब्लैक स्पॉट में आज महान नदी के समीप संबंधित गांव के जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर जाकर दुर्घटना होने की स्थिति में सर्वप्रथम क्या करना उचित होगा इसकी जानकारी दी। उन्होंने सभी से बिना किसी भय के सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाने एवं आपातकालीन व्यवस्था हेतु एंबुलेंस को फोन करने की बात कही। साथ ही आम लोग सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का किस तरह प्राथमिक उपचार और सहयोग कर सकते है, इस संबंध में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर खड़गवां पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने कहा। प्रशिक्षण में पंपापुर उपसरपंच और भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, अभय गुप्ता, मनीष प्रताप सिंह, आदर्श चक्रधारी, विकास सिंह, सत्यभामा शर्मा, श्रृष्टि लकड़ा, प्रमिला सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



## संवाद शिविर में लोगों की समस्याओं का किया गया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर में आज संवाद शिविर का आयोजन किया गया है। इस संवाद शिविर के माध्यम से जमीनी स्तर में लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कलेक्टर एवं जिला से आए समस्त विभागों के अधिकारी द्वारा किया गया। व्यक्तिगत आवेदन को संबंधित विभाग ऑनलाइन पोर्टल में लीक कर दिया गया है।

कलेक्टर रोहित व्यास ने समस्या के निराकरण करने लिए के लिए संबंधित विभाग को मार्क किया गया है। विभिन्न विभाग से संबंधित कुल 280 आवेदन प्राप्त हुआ। 263 आवेदन मांग के रूप में एवं 17 आवेदन शिकायत प्राप्त हुए है। संवाद शिविर में कलेक्टर ने एवं जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शासन की योजना का लाभ जमीनी स्तर पर तथा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य और संबंधित मूल सुविधाओं के अनुसार समाज के माध्यम से शिकायत सहित ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से विकास कार्यों सहित मांगे व शिकायत की गंभीरता से शिकायत हेतु छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न विभागों के शिकायत के लिए ऑनलाइन सहित निराकरण संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि पेड़ों की अवैध कटाई का मामला, प्राइवेट स्कूल की जांच, मुख्यमंत्री सड़क योजना की शिकायत, आंधी तूफान से क्षति पूर्ति, खाद बीज की जांच,जनपद पंचायत गोविंदपुर जेसीबी से निर्माण कार्य, संबंधित शिकायत, सड़क निर्माण, शिक्षा संबंधित, महिला बाल विकास सहित कई तरह के आए हुए आवेदन पर सुनवाई निराकरण हेतु जांच कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम ललिता भगत, जपं सीईओ राधेश्याम, जपं अध्यक्ष जगत लाल आयाम, संजू श्रीवास्तव, शिव भजन मरावी, लाल संतोष सिंह, मंजू मिंज, डॉ.आरएस सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**रामानुजगंज।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भंवरमाल में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं छात्र संघ चुनाव किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता मोबाइल छात्र जीवन में लाभ एवं हानि व ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षण व्यवस्था के लाभ एवं हानि विषयों पर दो वर्ग जूनियर एवं सीनियर क्लासेस के आधार पर आयोजित की गई। सीनियर सेक्शन में विवेकानंद हाउस एवं जूनियर क्षेत्र में दयानंद हाउस विजय घोषित किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। सीनियर एवं जूनियर वाद विवाद प्रतियोगिता में अरविंदो हाउस उप विजेता रहे। कार्यक्रम के अगले क्रम में छात्र संघ के चुनाव संपन्न किए गए जिसमें मोबाइल एप पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं बैलेट पेपर द्वारा मतदान कराया गया। कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई जिसमें हेड बॉय मयंक विश्वास तथा हेड गर्ल छाया को विजय घोषित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक संस्कृत कमेटी के प्रमुख के रूप में अनुष्का प्रजापति हेल्थ कमेटी प्रमुख के रूप में प्राची एवं श्रेयांश, खेल कमेटी प्रमुख के रूप में नीरज नागवंशी,अनुशासन कमेटी में जगत मंडल एवं दिव्या को विजय घोषित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार वाजपेई ने बताया कि बच्चों कि इस प्रकार की गतिविधियां शैक्षणिक सत्र में निरंतर चलती रहती हैं जिससे बच्चों में उत्साह एवं स्वस्थ कंपटीशन की भावना जागृत होती है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## जल-जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी नियमों को ताक पर रखकर हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास कर रही है. लेकिन जमीनी स्तर पर नल जल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण नहीं करने से ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से नियमों को ताक में रखकर पानी टंकी का निर्माण कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने घटना की शिकायत नहीं की है इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से ठेकेदार के हौसले बुलंद है जिसका खामियाजा क्षेत्र भोले-भाले ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

- इंजीनियर और एसडीओ नहीं रहते हैं मुख्यालय में

विकासखंड प्रतापपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी समेत पाइप लाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार एस्टीमेट के आधार पर काम नहीं कर रहे है। काम करने वाले राजमिस्त्री भी बता रहे हैं कि एस्टीमेट के आधार पर काम नहीं हो रहा है। बावजूद इसके विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदारों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित मापदंड अनुसार नींव नहीं खोदी गई थी और पानी टंकी निर्माण के लिए फाउंडेशन तैयार करना शुरू कर दिया गया है। अगर नींव ही मजबूत ना हो तो पानी टंकी धराशायी होने में देर नहीं लगेगी। कई जगह तो ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय अवधि पर कार्य पूर्ण नहीं किया गया है और अधूरा छोड़कर दिया गया है। बावजूद इसके विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इस संबंध में जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम ने बताया कि मेरे संज्ञान में पूरा मामला है। मैंने अधिकारियों से चर्चा कर उसकी संपूर्ण जानकारी मांगा था लेकिन अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जल्द ही पीएचई कार्यालय घेराव कर एसडीओ और इंजीनियर का ट्रांसफर करने की मांग की जाएगी।



## पुलिस ने युवक के कब्जे से चोरी के पांच दो पहिया वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

क्षेत्र में एक के बाद एक सिलसिलेवार तरीके से हो रही दोपहिया वाहनों की चोरी में शामिल एक 24 वर्षीय युवक को बिश्रामपुर पुलिस ने पकड़कर उसके कब्जे से चार नग बाइक व एक नग स्कूटी बरामद करने में सफलता अर्जित की है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक जो कुंजनगर पंचायत के पीछे शिक्षक सुनील सिंह के किराए के मकान में रहता है ,वह कई मोटर साइकिल चोरी कर अपने पास रखा हुआ है और वाहन को विक्रय करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस उसके किराए के मकान में छापेमारी की तो आरोपी बृजेश महंत पिता प्रमोद महंत 24 वर्ष निवासी कुंजनगर थाना जयनगर घर पर ही मिला ,पुलिस उसे तत्काल हिरासत में लेकर उसके घर में रखे हुए दो पहिया वाहनों के विषय में पूछताछ किया तो उसने अलग अलग जगहों से चोरी कर बेचने के लिए रखने की बात स्वीकारी।पुलिस ने आरोपी से वाहनों की कागजातों के विषय मे भी पूछताछ किया लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा सका जिसके बाद पुलिस ने सभी वाहनों को गवाहों के समक्ष जप्त कर बीएनएस के तहत सम्पूर्ण मेमोरेंडम जप्ती कार्यवाही की फ़ोटो वीडियोग्राफी कराई ।आरोपी बृजेश महंत को पांचों दो पहिया वाहनों के साथ धारा 35(1-5)/303(2) बी एन एस एस/बी एन एस कारित करना पाए जाने पर आरोपी बृजेश महंत पिता प्रमोद महंत को गिरफ्तार कर शनिवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।



## ढोड़गापारा में दो महीने बाद पुनः बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

**खबर का असर**

**बिश्रामपुर।** सीमा विवाद के फेर में दो महीने से ग्राम पंचायत कुम्दा बस्ती के ढोड़गापारा के ग्रामीणों की दिक्कत पर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशन उपरांत विद्युत विभाग द्वारा शनिवार को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराते हुए विद्युत केबल का विस्तार करा दिया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुम्दा बस्ती के ढोड़गापारा से करीब दो महीने पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा करीब 100 मीटर विद्युत केबल की चोरी कर लिया गया था। इस वजह से गांव के करीब 15-20 घरों के लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या से कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था, बावजूद इसके कोई पहल नहीं की गई थी। जिस पर ग्रामीणों की मांग पर हरिभूमि द्वारा 12 जुलाई को विद्युत केबल के चोरी होने से डोढ़गापारा में दो महीने से अंधेरा नामक शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित कराया गया था। खबर प्रकाशन उपरांत सुस्त विभागीय अधिकारियों द्वारा सक्रिय होकर शनिवार को गांव में कर्मचारी भेजकर चोरी गए केबल के बदले नया विद्युत केबल का विस्तार कराकर गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी गई है। विद्युत आपूर्ति बहाल होने से अब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।



## सीबीआई जांच की मांग को लेकर बसपा ने सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा शुक्रवार 12 जुलाई को अमरगुफा गिरौदपुर में जय स्तम्भ को काटने एवं 10 जून को सतनामी समाज द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन में षड़यत्रकारी असमाजिक तत्वों द्वारा आगजनी कर समाज का छवि धुमिल करने वालों के विरोध में एवं निर्दोष लोगों की निशर्त रिहाई और घटित घटना की सी. बी. आई. जांच की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रुप से राधेश्याम रूर्यवंशी, जोन प्रभारी, श्रीमति इंदु बंजारे, पूर्व विधायक एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष, उदलकिरण पूर्व प्रदेश महासचिव, रोहित डहरिया जिलाध्यक्ष, जशपाल दर्वेश, जिला महाससचिव कमला प्रसाद खुंटे जिला संयोजक बीभीएफ, फनीराम दिनकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मोहन सिंह विधानसभा अध्यक्ष जांजगीर-चाम्पा, भोगी लाल पाटले अध्यक्ष विधानसभा अकलतरा, शत्रुहन नेताम अध्यक्ष विधानसभा पामगढ़ सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जयंती पर राजमाता देवेंद्र कुमारी को दी गई श्रद्धांजलि

**अंबिकापुर।** राजमाता स्व. श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव की 91वें जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राजमाता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव का जन्म 1933 में शिमला में हुआ था। राजीव भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि राजमाता ने सरगुजा के निवासियों की सहायता को कभी भी दलीय नजरिए से नहीं देखा। उनकी नजर में सहायता मांगने वाला व्यक्ति सरगुजा वासी होना चाहिये था। इसी नजरिए को ध्यान में रखकर वे कार्य करती थी। जिस दौर में वे मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल में मंत्री थी, उस दौर में अविभाजित सरगुजा में सर्वाधिक पुल पुलियों का निर्माण हुआ था। सरगुजा वासियों की सहायता और सरगुजा को लेकर उनमें समग्र दृष्टी थी। इस दौरान राजीव भवन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी हुआ। इससे पूर्व प्रतीक्षा बस स्टैण्ड चौक पर राजमाता एवं स्व. महाराज एमएस सिंहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, शफी अहमद, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, मदन जायसवाल, अनिल सिंह, हरभजन सिंह भामरा, गुरप्रीत सिद्धू, कलीम अंसारी, गीता रजक, नुजहत फातिमा, विवेक सिंह, अमित सिंह, निक्की खान, नीतीश चौरसिया, फैसल सिद्दीकी, रोशन कन्नौजिया, बालकेश्वर ठाकुर, राजू विश्राम आदि मौजूद थे।

- प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**किया गया पौधरोपण**

राजमाता के 91 वें जयंती पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बंधियाचूंआ प्राथमिक शाला में हो रहे पौधरोपण के लिए एक आम का पौधा अपने भतीजे जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव को मां के नाम एक पौधे के संदेश के साथ वृक्षारोपण करने के लिए दिया। उन्होंने स्वयं भी अपने निजी निवास तपस्या में पौधरोपण किया। बंधियाचुँआ प्राथमिक शाला में जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने स्कूल के बच्चों, स्थानीय निवासियों और कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। इसके पूर्व उन्होंने राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय में राजमाता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर महाविद्यालय परिसर में नारियल का पौधा भी लगाया।



## बेसिक लाइफ एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट का दिया गया प्रशिक्षण

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन सर्टिफाइड गाइडलाइन अनुसार ब्लॉक के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, आरएमए स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ तथा द्वितीय एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसका उद्देश्य- स्वास्थ्य सेवा में सुधार प्रशिक्षित और कुशल कर्मचारियों के साथ नवीनतम चिकित्सा तकनीकों का प्रयोग कर उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु ग्रीन जीनोम इंडिया दिल्ली से आए विशेष प्रशिक्षक डॉ. गौरव महाजन एवं टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मरीज को हार्ट अटैक तथा कार्डियक अरेस्ट आने की स्थिति में उसे कोलैप्स होने से बचाने के सुरक्षात्मक उपाय करेंगे। मरीज की स्थिति का रिस्पांस तथा आकलन,कार्डियक अरेस्ट का मूल्यांकन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज को कोलैप्स होने से बचाने कैसे तत्काल हाई क्वालिटी सीपीआर एडल्ट एवं बच्चों को देंगे इस संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया।



# नए पोस्टर में कर्ण के रूप में नजर आए प्रभास...

**मुंबई।** इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद, निर्माताओं ने सभी फैंस और सिनेप्रेमियों को धन्यवाद देते हुए एक खास पोस्ट साझा किया है। टीम की तरफ से प्रभास का कर्ण के रूप में एक विशेष पोस्टर साझा किया है। 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली यह सातवीं भारतीय फिल्म है। इस शानदार सफलता के बाद पोस्टर साझा करते हुए टीम ने लिखा, '1000 करोड़ पूरे और गिनती जारी है। यह मील का पत्थर आपके प्यार का जश्न है। हमने दिल लगा के फिल्म को बनाया।

लाइफ Style

# कैटरीना ने बनाया बेहतर इंसान



विकी कौशल का मानना है कि कैटरीना जैसी बीवी पाकर उनकी किस्मत खुल गई। उन्होंने मजाक में बताया कि उनकी वाइफ कपड़े रखने के लिए काफी स्पेस लेती हैं और उन्हें कम जगह मिलती है। विकी कौशल अपनी वाइफ कटरीना कैफ के फैन हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह बात उनके कई इंटरव्यूज से जाहिर हो चुकी है। कैटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं। मुझे लगता है कि मैं उनकी वजह से बेहतर इंसान बन गया। बातचीत में विकी ने बताया, मेरे घर में हर कोई एक-एक करके अपने कलेशी मोमेंट का इंतजार करता है। ये जिम्मा किसी एक का नहीं है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ सनी या कटरीना या मॉम या डैड या मैं। कोई परमानेंट कलेशी नहीं है। हर किसी का दिन आता है और उस दिन बाकी उसी मोड में आ जाते हैं। विकी ने बताया कि जब वह भूखे हों या सोए ना हों तब ही कलेश करते हैं। जब मुझे वॉरड्रोब मिलेगा तब तो कलेश होगा। विकी ने बताया कि कटरीना के पास पूरा वॉरड्रोब है और उनके पास कपड़े रखने के लिए सिर्फ ड्रॉर। ऐसे में वॉरड्रोब पर लड़ने का सवाल ही नहीं है। विकी से पूछा गया कि बुरे वक्त में दोनों कैसे एक-दूसरे का साथ देते हैं। इस पर विकी बोले, हम एक-दूसरे का हाथ पकड़कर जो कहना है कहते रहते हैं। जो भी हो हम साथ हैं। इस उतार-चढ़ाव में हम एक-दूसरे के साथ हैं। कटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं।

हॉलीवुड मसाला



# 'डी 23 फैन...' का हुआ ऐलान

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी ने 2024 के लिए अपनी डी 23 फैन इवेंट की पूरी योजना की जानकारी दे दी है। इससे पहले कंपनी ने सीईएस पर इस साल घोषणा की थी कि वह इस बार अपने फैन कन्वेंशन के साथ नए क्षेत्रों में कदम बढ़ाएगी, पहली बार इसे डिज्नी+ पर स्ट्रीम करेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करेगी। शुक्रवार, 9 अगस्त को शाम 7 बजे डिज्नी एंटरटेनमेंट शोकेस में सितारों की महफिल सजेगी, जिसमें प्रशंसकों को आने वाली फिल्मों, सीरीज और शो की विशेष झलक दिखाई जाएगी।



# अदालत में रो पड़े एलेक बाल्डविन

**लॉस एंजिलिस।** न्यू मैक्सिको के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को एलेक बाल्डविन के खिलाफ अनैच्छिक हत्या के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यू मैक्सिको के सांता फे में मुकदमे की अध्यक्षता कर रहीं न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने कहा कि सिनेमैटोग्राफर हैलिना हचिन्स की मौत से संबंधित संभावित गोलियां, जो बाल्डविन के मामले के लिए कारगर हो सकती थीं, पुलिस और अभियोजकों द्वारा उनके वकीलों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। न्यू मैक्सिको में बाल्डविन का मुकदमा शुरू होने के तीन दिन बाद न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने शुक्रवार को बचाव पक्ष के अनुरोध पर साक्ष्य सुनने के बाद फैसला सुनाया। एलेक बाल्डविन फैसला सुनने के बाद रो पड़े और उन्होंने अपनी पत्नी हिलारिया बाल्डविन को गले लगाया, जो इस सप्ताह की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद थीं।



# ऐश्वर्या ने झेला रिजेक्शन सुनाई आपबीती

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस ऐश्वर्या राजेश ने लोगों के मिले ताने और करियर रिजेक्शन पर खुलासा किया। ऐश्वर्या ने कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया कि वह हीरोइन बनने के लिए बहुत सिंपल है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि वह स्टार की तरह पेश नहीं आती और समय बर्बाद कर रही हैं। ऐश्वर्या राजेश ने कहा, 'जब मैंने एक्टिंग करना शुरू किया तो कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि मैं हीरोइन नहीं बन सकती, क्योंकि मैं बहुत सिंपल हूं। शुरुआत में मुझे बहुत सारे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, लेकिन मैं आगे बढ़ती रही और हिम्मत बनाए रखी।' कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं ऐश्वर्या राजेश आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उनकी गिनती साउथ की पॉपुलर और टॉप एक्ट्रेसेस में होती है। ल



# 'काकुड़ा' से मुकाबला करते दिखे रितेश

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने आदित्य सरपोतदार की फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकुड़ा'ऐलान के बाद से ही सुर्खियों में छाई हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया। वहीं, अब फैंस की उत्सुकता को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता रितेश देशमुख का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। इस तीखे और डरावने मुकाबले में यह देखना बाकी है कि आखिर में कौन जीतेगा।

टीवी मसाला



# 'तारक मेहता का...' में वापसी कर रहा है ये मेन कैरेक्टर?

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते करीब 16 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। ये एक ऐसा शो है जिसे हर उम्र के लोग देखना पसंद करते हैं। इस शो की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके किरदार भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहते हैं। इस शो में अब तक कई कलाकार आए और गए, लेकिन जाने के बाद के भी वो फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। बीते कुछ सालों में कई मेन कलाकारों ने शो को अलविदा कहा। वहीं, ये शो कई विवादों में भी घिरा रहा है। इस बीच अब शो के एक लीड कलाकार की वापसी की खबर सामने आ रही है। इस एक्टर का नाम सुनकर आप भी खुशी से झूम उठेंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाकर घर-घर में फेमस हुए गुरुचरण सिंह एक बार फिर से शो में वापसी कर सकते हैं। गुरुचरण का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो शो में वापसी को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। गुरुचरण से जब पूछा गया कि क्या उन्हें फिर से तारक मेहता में देखने को मिलेगा।


## 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए अरमान मलिक ने हथियाया था ये हथकंडा



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' को लेकर दर्शकों के बीच एक्सीडेंट काफी बढ़ता जा रहा है। शो में इस बार पत्रकार से लेकर यूट्यूबर, रैपर, टीवी और बॉलीवुड तक के स्टार्स ने एंट्री ली है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में दो बीवियों वाले अरमान मलिक हैं। अब बिग बॉस 17 के एक्स कंटेस्टेंट तहलका प्रैंक उर्फ सनी आर्या ने उनका असली चेहरा दिखाया है। सनी ने वीडियो शेयर कर दिखाया कि शो में आने के लिए अरमान किस हद तक जा सकते हैं। तहलका, अरमान का वीडियो बना रहे होते हैं, तभी वो उनसे कैमरा छीनने की कोशिश करते हैं। इस पर सनी, अरमान से कहते हैं कि ये हरकत मत कर पहले बोल रहा हूं। लोगों ने कहा कि तू नाटक कर रहा है। बिग बॉस में जाने के लिए इस तरह के हथकंडे हथियाते हो। इस पर अरमान कहते हैं कि मुझे कोई शौक नहीं है बिग बॉस में जाने का छत्तीस मैसेज आ रखें हैं।

# 'द कार्दशियन' में दिखेगी अनंत-राधिका की शादी की झलक?

**मुंबई।** किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का हिस्सा बनने के लिए बीते दिन 11 जुलाई को मुंबई पहुंचीं। वेन्यू पर दोनों का भव्य स्वागत हुआ। साथ ही किम और क्लो ने पैपराजी के कैमरों के लिए भी ढेरों पोज दिए। वहीं, अब कार्दशियन बहनों को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो स्टार बहनें अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए इस वेडिंग को फिल्माने वाली हैं। कथित तौर पर किम और क्लो अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को कैप्चर करेंगी। जानकारी तो यह भी है कि बहनें यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ग्लैम टीम लेकर आई हैं कि वे अपनी पूरी यात्रा के दौरान सर्वश्रेष्ठ दिखें। अपने हेयर स्टाइलिस्ट क्रिस एपलटन, मेकअप कलाकार और फिल्म निर्माता के साथ, किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन अपने शो के संभावित छठे सीजन के मुख्य आकर्षण के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भारत आने से लेकर भारत में रुकने तक की अपनी यात्रा को फिल्माएंगी।



# 'कई पुराने परिचितों के लिए प्यार महसूस हुआ' अनंत-राधिका की शादी के बाद यादों में खोए बिग बी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने का अपना अनुभव साझा किया। अभिनेता अपने परिवार, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के साथ इस भव्य समारोह में शामिल हुए। शादी में शामिल होने के बाद बिग बी ने देर रात अपने ब्लॉग पर इस कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। अपने ब्लॉग में अभिनेता ने अपने अनुभव को साझा करने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति-कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है। एक शानदार शादी से वापस आकर मैं लंबे समय के बाद इतने सारे पुराने परिचितों के साथ प्यार और स्नेह की समृद्धि महसूस कर रहा हूं। अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'ऐसा लग रहा था कि उनकी शारीरिक बनावट बदल गई है, लेकिन वे अपने रिश्ते और साथ में बिताए गए समय के प्रति बेहद ईमानदार हैं। यही तो जीवन है, रिश्ता, प्यार और देखभाल।' अमिताभ बच्चन ने आगे अपनी पुराने रिश्तों को भी याद किया और लोगों के जीवन में उसके महत्व को भी समझाया। उन्होंने आगे लिखा, 'यह अजीब है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें जो एक-दूसरे के लिए मायने रखती हैं, बनी रहती हैं, लेकिन जिनके साथ गहरा संबंध था या जिन्होंने सार्थक समय बिताया था, वे खो जाते हैं और भुला दिए जाते हैं... वास्तव में भुलाए नहीं जाते हैं, लेकिन पीछे रख दिए जाते हैं और केवल तभी याद किए जाते हैं या सामने लाए जाते हैं, जब संबंध का आवश्यक अर्थ होता है।'



*'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति-कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है।*

# जब इस फिल्म ने बुलंद कर दिया था धर्मेंद्र का सितारा, बना दिया था सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र का नाम बॉलीवुड के उन एक्टर्स में शुमार रहा है, जो उम्दा एक्टर होने के साथ साथ गजब की फैन फॉलोइंग भी रखते थे। करियर की पीक पर रहते हुए उन्होंने एक से बढ़ एक फिल्में दी हैं, जिसमें एक्शन से लेकर रोमांस और कॉमेडी जोनर तक की फिल्में शामिल हैं। वैसे तो धर्मेंद्र का करियर पचास और साठ के दरम्यानी दौर में शुरू हो गया था, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा हिट फिल्मे रहीं लेट सिक्सिटीज फिर सत्तर के दशक की। यही वो समय था जब उनकी एक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल दिखाया कि करीब पचास हफ्ते तक वो फिल्म थिएटर से उतरी ही नहीं। इस फिल्म को प्यार न सिर्फ भारत में मिला, बल्कि दुनियाभर में भी ये फिल्म छाई रही।



## धर्मेंद्र की वो सुपरहिट फिल्म

वैसे तो धर्मेंद्र अब भी फिल्मों में एक्टिव हैं। 88 साल की उम्र में धर्मेंद्र, शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनकी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिख चुके हैं। इससे पहले रॉकी और रानी की लवस्टोरी में भी धर्मेंद्र नजर आए। लेकिन हम जिस मूवी की बात कर रहे हैं वो आई थी साल 1977 में। ये फिल्म थी धरम वीर। इस एक्शन ड्रामा मूवी में धर्मेंद्र के साथ दिखी थीं जीनत अमान, जितेंद्र और नीतू सिंह। इन सबके अलावा प्राण भी इस फिल्म में अहम भूमिका में थे।

**50 हफ्ते तक लगी रही फिल्म :** जुड़वा भाइयों की कहानी पर बेस्ड ये फुल ड्रामा मूवी, भारत में खूब पसंद की गई। फिल्म करीब पचास हफ्ते तक थियेटर में लगी रही। उस दौर में फिल्म ने सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ही 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा फिल्म ने यूनाइटेड किंगडम यानी कि इंग्लैंड के पांच शहरों में भी 23 सफल शो देखे। उस दौर में सिर्फ इंग्लैंड में फिल्म ने 4 लाख 38 हजार रुपए की कमाई की। यहां मोहम्मद रफी की आवाज में गाए गीत भी खूब पसंद किए गए।

# ऐश्वर्या से माफी मांगना चाहते हैं इमरान...

**मुंबई।** एक इंटरव्यू में एक्टर इमरान हाशमी ने उस किस्से के बारे में बात की जब उन्होंने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इमरान हाशमी ने अब उसबारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि वो ऐश्वर्या राय से इस बात के लिए माफी मांगना चाहेंगे। इमरान हाशमी से पूछा गया कि क्या उन्हें ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहने का पछतावा है? सवाल सुनते ही इमरान हाशमी ने कहा कि हां उन्हें इस चीज का पछतावा है। उन्होंने कहा कि मैं कहता रहता हूं कि मैनें जिनके बारे में बात की, उनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए इमरान ने कहा कि मुझे उस चीज का पछतावा है क्योंकि वो बहुत अप्रिय था। अब लोग बहुत सेंस्टिव हो चुके हैं। लोग सोशल मीडिया पर हर चीज पर नाराज हो जाते हैं। इमरान हाशमी ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि अगर ऐश्वर्या राय को उनकी बात का बुरा लगा था वो उनसे माफी मांगना चाहेंगे। बता दें, कॉफी विद करण के चौथे सीजन के एक एपिसोड में इमरान हाशमी ने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इसके बाद, इमरान हाशमी को सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल किया गया था। इमरान हाशमी ने कहा कि मैं बस हैंपर जीतना चाहता था और इसलिए मैंने वो कहा। हालांकि, ऐश्वर्या राय ने कभी इमरान हाशमी के इस स्टेंटमेंट पर सीधे तौर पर रिएक्ट नहीं किया है।



## खबर संक्षेप

### जंगली सुअर के हमले से युवक घायल

**रायगढ़।** वन मंडल धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को जंगली सुअर के हमले से एक युवक घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब युवक जंगल की ओर पुटु बीनने गया था। सुअर के हमले में युवक के एक जांघ में चोट लगी है। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल युवक को सीधे स्थानीय सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को अस्पलाल से रिलीव कर दिया गया है। इस मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर नरकालो गांव का डहरू राम उम्र 26 साल जंगल तरफ गया था। इसी दौरान उसका जंगली सुअर से सामना हो गया और सुअर ने युवक पर हमला कर दिया। इस घटना को लेकर अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद घायल को उसके परिजन अस्पताल ले आए। उन्होंने इस संबंध में किसी भी जिम्मेदार को जानकारी नहीं दी। हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने की जानकारी मिलने पर वन विभाग के जिम्मेदार घायल के घर मिलने पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही शुरू की।

### रायगढ़ इस्पात, जेसीआई का स्वास्थ्य शिविर 21 को

**रायगढ़।** रायगढ़ इस्पात एन्ड पावर प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य संचालन में जे सी आई द्वारा 21 जुलाई को शासकीय प्रायमरी स्कूल देलारी में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया हैण्ण इस चिकित्सा शिविर में घुटना कूल्हे का दर्द अकड़न पीठ और गर्दन में दर्द, रोटेटर कफ टूटना, क्रिकेट कोहनी, टूटी हुई डिस्क, वात रोग, फ्रेक्चर और टूटी हड्डिया फंसे स्नायु बंधन और मांसपेशिया, मांसपेशियों में मोच और खिचाव, हड्डी के ट्यूमर, आस्टीयोंपोरोसिस, स्कोलियोंसिस, कटिस्नायुशूल, कार्पल टनल, गोखरु, हाथ या पैर में कमजोरी या सुन्नता, मुहासा, एकजिमा, बालो का झड़ना, नाख़ून कवक, सोरायसिस, त्वचा कैंसर, रोसेसिया, स्त्री रोग, दंत रोग और त्वचा रोग से संबंधित सभी बीमारियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जाएगा।

### रामलला दर्शन के लिए पुसौर क्षेत्र से 21 तीर्थयात्री

**पुसौर।** जनपद एवं पुसौर नगर पंचायत क्षेत्र से कुल 21 तीर्थयात्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए हैं इन्हें मिलाकर समूचे जिले से कुल 100 तीर्थयात्रि है जिनके साथ एक डाक्टर तथा 2 समन्वयक भी हैं। इस संबंध में नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष मोहित सतपथी ने बताया कि नगर पंचायत पुसौर को 6 तिर्थयात्रियों का टार्गेट मिला था जिसमें सभी का डाक्टरी मुलाहिजा किया जाकर तैयार किया गया था। बिच में जिले से 4 तिर्थयात्रियों की ही स्वीकृति होने की बात कही गई जिस पर इन्हौने अपने क्षेत्रीय विधायक व मंत्री ओपी चैधरी से संपर्क किया जिसमें फिर 2 और लोगों की स्वीकृति मिली इस प्रकार कुल 6 लोग नगर पंचायत से है जिसमें से ज्यादातर लोग इनके वार्ड क्रमांक 8 से है।

## शिक्षकों के 1100 से अधिक पद रिक्त, शासन को भेजा गया प्रस्ताव

विशेषज्ञ शिक्षक अपने विषयों के अलावा अन्य विषयों को नहीं पढ़ा पा रहे

# 266 विद्यालयों में एकल शिक्षक बिना शिक्षक चल रहे 12 स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 266 विद्यालय एक ही शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। वहीं 12 प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय ऐसे हैं, जहां एक भी शिक्षक नहीं है। ऐसे में शिक्षा विभाग ने करीब 1100 से अधिक शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए शासन को प्रस्ताव भी भेजा है। किंतु अब तक शासन की ओर इस संदर्भ में कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक प्राथमिक शालाओं में शिक्षकों की कमी बनी हुई है, जिसके बाद माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं में सेटअप के अनुसार शिक्षकों की कमी है। बता दें कि पूर्व में शासन ने सभी जिलों में विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्त पदों की जानकारी मांगी थी, ऐसे मे शिक्षा विभाग ने जिले के प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी शासन को भेजी थी, वहीं करीब 1100 से अधक रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर प्रस्ताव भी भेजा था। किंतु अब तक इन रिक्त पदों पर भर्ती के लिए शासन की ओर से कोई आदेश जारी नहीं होने की वजह से इन रिक्त पदों पर भर्तियां नहीं हो सकी है। अहम बात यह है कि जिले में इससे शासकीय विद्यालयों में जहां विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

विद्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने के कारण विषय विशेषज्ञ शिक्षक अपने विषयों के अलावा अन्य विषयों को भी नहीं पढ़ा पा रहे हैं। जो विद्यालय शिक्षक विहीन हैं, वहां सभी पाठ्यक्रम अधूरे ही रह जाते हैं, क्योंकि शिक्षक नहीं होने की वजह से समय पर कोर्स पूरा नहीं हो पा रह है। यही हाल एकल शिक्षक विद्यालयों का भी है। ऐसे में जानकारों की मानें तो पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पाने की एक बड़ी वजह यह भी है।




### फैक्ट फाइल

| विकासखंड | एक शिक्षकीय | शिक्षक विहीन |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 09 | 0 |
| पुसौर | 15 | 0 |
| धरमजयगढ़ | 89 | 0 |
| घरघोड़ा | 20 | 0 |
| तमनार | 18 | 0 |
| खरसिया | 22 | 0 |
| लैलूंगा | 93 | 1 |

### लैलूंगा व धरमजयगढ़ में सर्वा एकल शिक्षक शाला

आंकड़ो की मानें तो जिले में सर्वाधिक एकल शिक्षक विद्यालय लैलूंगा तथा धरमजयगढ़ विकासखंड मे है। धरमजयगढ़ विकासखंड में जहां एकल शिक्षकीय विद्यालयों की संख्या 89 है तो वहीं लैलूंगा में इन विद्यालयों की संख्या 93 है। लैलूंग में एक माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन है।

### कई विद्यालयों में अतिशेष शिक्षक

जानकारी के अनुसार जिले में 7 प्राथमिक शाला शिक्षक विहीन हैं, किंतु यहां निलंबित शिक्षकों की पदस्थ कर बहाल किया गया है। अब तक तीन शालाओं में शिक्षक भेजे गए हैं, जिसमें धरमजयगढ व खरसिया में 2 प्राथमिक शाला तथा वहीं कुछ शालाओं में अतिशेष शिक्षक हैं। उन्हें युक्तियुक्त कर एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में अटैच किया गया है।

### प्रयोगशाला में 68 शिक्षक की जरूरत

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शासन द्वारा शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले ही रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई थी, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी के साथ ही 68 प्रयोगशाला सहायक शिक्षक की जानकारी भी भेजी गई है।

**जानकारी शासन को भेजी गई है**

जिले के एकल शिक्षकीय विद्यालय सहित शिक्षक विहीन विद्यालयो तथा शिक्षक के रिक्त पदों की जानकारी शासन को भेजी गई है, जहां से रिक्त पदों की भर्ती को लेकर आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

-टी एक्का, प्रभारी डीईओ



## शहर विकास के लिए 41 करोड़ के कार्यों को मंजूरी

**रायगढ़।** शुक्रवार की शाम 4 बजे से मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमती जानकी काटजू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर विकास से संबंधित 41 करोड़ रुपए से ज्यादा के कार्यों को स्वीकृत किए गए।

■ एमआईसी की बैठक में 23 एजेंडा पर हुई चर्चा

सबसे पहले इंदिरा गांधी वृद्धा, पेंशन, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन से संबंधित पात्र 141 हितग्राहियों के आवेदनों को स्वीकृति दी गई। इसी तरह परिवार सहायता के अंतर्गत 25 हितग्राहियों के आवेदनों को स्वीकृति दी गई। इसके बाद वार्ड 42 अमलीभौना प्राथमिक शाला से बाबा धाम मुख्य मार्ग तक 50 लाख की लागत से डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति दी गई। वार्ड क्रमांक 48 बाई चौक से शालिनी स्कूल तक डामरीकृत बोईरदादर चौक तक सड़क निर्माण 53 लाख 6 हजार की लागत से स्वीकृति दी गई। इसके बाद बेलादुला स्कूल से पीपल चौक तक डामरीकृत सड़क निर्माण 48 लाख 58 हजार की लागत से स्वीकृति दी गई। क्रेज़ी कास्ट फूड सेंटर से विजयपुर चौक से इंदिरा विहार चौक तक डामरीकृत सड़क निर्माण 86 लाख 94 हजार रुपए लगात की स्वीकृति दी गई। जिओमार्ट के सामने से हाउसिंग बोर्ड बिल्डिंग तक अतरमुड़ा रोड सड़क निर्माण 96 लाख 27 हजार की स्वीकृति दी गई। इसी तरह उर्दना रोड से छठवीं बटालियन ऑफिस तक डामरीकृत सड़क निर्माण 53 लाख 48 हजार की लागत से स्वीकृति दी गई। शहर के 9 विभिन्न डामरीकृत सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण के लिए 470 लाख अधोसंरचना मद और विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य के कुल 19 काम के लिए 607 लाख की पुष्टि की गई।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 15 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

■ सांसद राधेश्याम राठिया गणमान्य नागरिकों द्वारा उपहार भैंट शुभाशीष

**तमनार।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग तमनार घरघोडा के तत्वाधान में मंगलम तमनार में 13 जुलाई को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समाज के 15 जोड़ों ने विवाह कर अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया, सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूरे हिन्दू रीति अनुसार बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में मुख्य अतिथि सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया जनपद अध्यक्ष सविता राठिया, सहोद्रा राठिया अन्य जनप्रतिनिधियों एवं तमनार तहसीलदार रिचा सिंह,जनपद सीईओ मदनलाल साहू, महिला बाल विकास विभाग के मरकाम मेडम अन्य अधिकारी कर्मचारी गण शामिल हुए। सांसद





रायगढ़ राधेश्याम राठिया ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह में पहुचे सभी वर वधु को शुभकामनाएं देते कहाकि आप लोगो का जो विवाह हो रहा है वह सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। आप सभी सौभाग्यशाली है कि मंगलम भवन में गायत्री परिवार द्वारा विधि विधान से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह संपन्न हो रहा है। उन्होंने नव दम्पत्तियों को सुख शांति समृद्धि की मंगल कामनाएं किये। केंद्र की मोदी व छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेंने प्रोत्साहित किया गया। सभी वर व कन्या पक्ष द्वारा विवाह सामग्रियां व उपहार पाकर गदगद नजर आए। कार्यक्रम में भाजपा जिलामहामंत्री सतीशचंद्र बेहरा, जतिंद्र साव, बिहारी लाल पटेल, सरपंच गुलापी सिदार, बीडीसी ममता साव, गायत्री बेहरा जयप्रसाद किसान, रमेश बेहरा, गीतांजली पटनायक, मुकुन्द मुरारी पटनायक, हरेराम सिदार,जयराम सिदार, रामचरण कुम्भकार, सौरभ गुप्ता, श्यामा उरांव,प्रताप बेहरा, दुलेन्द्र पटेल, रोहित साव, जनक राम साहू, पतालु राम साव, जयशंकर अन्य गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों एवं वर वधु के परिजनो की उपस्थिति रही।

### जमीन बंटवारे को लेकर चचेरे भाई ने की मारपीट

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीन बंटवारे की बात को लेकर चचेरे भाई द्वारा अपने साथियों के साथ छोटे भाई से मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में कापू पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ़ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 294, 3(5) एवं धारा 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि जलडेगा में रहकर खेती किसानी का काम करता हूं। बीते 4 जुलाई को करीब 09.30 बजे रात्रि में मेरा चचेरा भाई मनोज राठिया हमारे घर के सामने में आकर मेरे को जमीन हिस्सा बटवारा में जमीन कम दिए हो फिर से जमीन बटवारा करो कहा। जिस पर मेरे द्वारा अभी रात्रि में जमीन कैसे बटवारा करेंगे कहने पर मनोज राठिया ने सार्वजनिक स्थान पर गालियां दिया। जिसे सुनकर गबल राठिया, अनुज राठिया ग्राम जलडेगा भी मेरे पास आए और मेरे हाथ पैर को पकड़ कर रखे थे।

## शराब के नशे में कलयुगी बेटे ने की मां की हत्या, गिरफ्तार

**कटेली।** सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झरपडीह निवासी कलयुगी बेटे ने शराब के नशे में धुत्त होकर मां की निर्मम हत्या कर दी। सूचना देने पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटना के तीन दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों और जन चर्चा की माने तो सारंगढ़ अंचल में सफेद पानी का जहर यानी अवैध महुआ शराब की बिक्री की बाढ़ से आ गई है। 20 से 25 के पाउच में बिक रहा यह अवैध महुआ शराब गली मोहल्ले पान ठेले में आसानी से उपलब्ध हो रहा है। इस शराब में कृषि से जुड़े कई खतरनाक और घातक दवाइयां मिलाई जा रही है। गरीब वर्ग कम कीमत के कारण इसका अधिक सेवन कर रहा है जो अकाल मृत्यु का कारण बनता जा रहा है। दूसरी ओर शराब के नशे में धूत नशेड़ियों ने गंभीर अपराधों को आसानी से अंजाम दे रहे हैं।



**क्या है पूरा मामला**

सूत्रों के अनुसार व सारंगढ़ नगर पालिका बाबाकुटी वार्ड क्रमांक 5 से लगे प्रथम ग्राम झरपडीह में 7 जुलाई जुलाई को गांव के ही एक नशेड़ी युवक आरोपी भोजराम सिदार पिता फिरतु सिदार उम्र 32 वर्ष ने नशे में अपनी ही मां के ऊपर तवे डंडा हाथ मुक्का से हमला कर दिया वृद्ध महिला के चेहरे पर गंभीर चोटे आई। उपचार के लिए रायपुर के लिए निकले, तब तक वृद्ध महिला सावित्री बाई पति फिरतु राम सादर उम्र 65 वर्ष की मौत हो गई। सूत्रों की माने तो उक्त परिवार को नशे का आदि बताया जा रहा है।

## आचार संहिता के दौरान 46 लाख की खरीदी, मेयर ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम महापौर जानकी अमृत काटजू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर से ज्ञापन सौंपकर कर आचार संहिता के दौरान हुई 46 लाख की बिजली सामग्री खरीद पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। रायगढ़ कलेक्टर को महापौर के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचकर तीन ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में सीधे तौर पर आरोप लगाया गया है कि आचार संहिता के दौरान नगर निगम में 46 लाख के विद्युत सामग्री एम आई सी व महापौर को बिना जानकारी दिए खरीदी कर अनियमितता बरती गई। बताया गया है कि शासन से खरीदी की स्वीकृति मिलने की जानकारी नहीं दी गई। साथ ही साथ एक ही दिन में टेण्डर कर वर्क आर्डर जारी कर दिया गया। आचार संहिता के दौरान 18 मार्च के संशोधन आदेश बिन सक्षम स्वीकृति के दिया गया जो गलत है। राजनांदगांव गांव के संबंधित फर्म को पूरी राशि का भुगतान भी कर दिया गया। महापौर का कहना है कि पूर्व में किसी दूसरे फर्म से खरीदी की गई थी, लेकिन संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं किया गया था। बताया जाता है कि उस दौरान करीब 20 प्रतिशत राशि रोकी गई थी।



## उत्कृष्ट दायित्व निवर्हन के लिए 7 मितानिनें सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। रायगढ़ में जिला स्तरीय मितानिन प्रोत्साहन राशि वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन आज शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर.गांधी नगर रायगढ़ में आयोजित किया गया।

मितानिन प्रोत्साहन राशि वितरण सह सम्मान समारोह में सभी मितानिनों को सम्मानित करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं में विशेष सहयोग के साथ उत्कृष्ठ कार्य करने वाली 7 मितानिनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने बताया कि लोगों को प्रोत्साहित कर स्वास्थ्य सेवाओं प्रदान करने एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शासन द्वारा मितानिनों को उनके द्वारा प्रदान किये जा रहे सहयोग हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाता है। इस मौके पर स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में एक पौधा मॉ के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने हेतु संस्थागत प्रसव करानेए बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण कराने, गैर संचारी संचारी रोग, सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु समस्त मितानिनों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि श्रीमती नीलम रंजू संजय, डॉ. बीपी पटेल जिला टीकाकरण अधिकारी, सुश्री रंजना पैंकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. विरेन्द्र राठिया चिकित्साधिकारी, शहरी क्षेत्र समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिन के साथ.साथ चिकित्सकीय एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।



## डोरी बीनने गए युवक पर हाथी ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुडेकेला

धरमजयगढ़ वन मंडल छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कुड़ेकेला निवासी युवक पर हाथी ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह जंगल में डोरी बिनने के लिए गया हुआ था। इस दौरान उसने हाथियों से अपने आप को बचाने की कोशिश की किंतु हाथियों ने उसे पकड़ लिया और पटकपटकर उसकी जान ले ली।

हाथियों के हमले से इंसानों मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, ताजा हादसा छाल वन परिक्षेत्र का है, घटना के संबंध में मिली तफसील जानकारी मुताबिक राजू दास महंत पिता स्वर्गीय बाबूलाल दास महंत निवासी ग्राम कुडेकेला शनिवार सुबह लगभग 5.30 बजे अपने खेत लाला डेरा गया हुआ था जहां डोरी का पेड़ भी स्थित है कयास लगाया जा रहा है की वह डोरी बिनने ही गया थाएइसी बीच दंतैल वहां आ धमका हाथी से उसका आमना सामना हो गया फिर क्या थाएइससे पहले की राजू दास कुछ समझ पाता या वहां से भाग पाता गजराज ने उस पर हमला बोल दिया और उसे पटककर मौत की नींद सुला दिया। बताया जा रहा है की घटना से पूर्व कुडेकेला के मोहल्ला मांदर पखना में हाथी कटहल खा रहा थाएवहां कुछ महिलाओ ने हाथी को देखकर आवाज लगाई वहां से उसे खदेड़ा तो हाथी वहां से भागा और लाला डेरा पहुंच गयाएजहां राजू दास महंत अपने खेत के पास डोरी बीन रहा थाएजहां हाथी ने इस घटना को अंजाम दिया है। उल्लेखनीय है की मिले डेटा के हिसाब से जब से रेंज अफसर मुनेश्वर मसकोले द्वारा सन 2021से छाल वन परिक्षेत्र का पदभार संभाला हैएतब से अब तक छाल रेंज में हाथियों के हमले से कुल 7 ग्रामीणों की अकाल मृत्यु हो चुकी है।वहीं कई हाथियों की भी मौतें हो चुकी हैं।



## जनसंख्या दिवस पर विविध कार्यक्रम

**तमनार।** ग्राम्य भारती शिक्षण एवं शोध संस्थान से सम्बद्ध आदर्श ग्राम्य भारती के विभिन्न स्कूलों में संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विविध प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को नगद राशि से पुरुस्कृत किया गया।

सर्वप्रथम सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर ग्राम्य भारती संचालक लक्ष्मीनारायण चौधरीं ने बताया कि जनसंख्या वृद्धि के कारण पर्यावरण एवं जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभाव, पर्यावरण एवं प्रकृति पर जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभाव एवं संभावित समाधन विषय विश्व जनसंख्या दिवस सम्पूर्ण विश्व में जनसंख्या के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है। इसकी शुरूवात वर्ष 1989 में यूएनडीपी के द्वारा की गई। इस वर्ष के थीम किसी को पीछे न छोड़ें, सबकी गिनती करें के साथ मनाया जा रहा है। माध्यमिक शाला के 49 छात्र छात्राओं ने जनसंख्या वृद्धि के कारण पर्यावरण एवं जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभाव पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया।



टॉप इन जशपुर

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146

### सेवानिवृत्त टीआई के बेटे से लूट, थाने में शिकायत

**रायगढ।** शहर के पंजरी प्लांट निवासी सेवानिवृत्त टीआई झामलाल मार्को के बडे बेटे दिलीप मार्को के साथ लूट और मारपीट की घटना घटित होने की सूचना मिली है। दो दिन पूर्व अपने गांव बाराद्वार से लौटते हुए रास्ते में टू व्हीलर का पेट्रोल खत्म होने के बाद सरवानी खरसिया के पास बोतल्दा राक गार्डन के करीब मदद के बहाने दो युवकों ने पहले एकांत में ले जाकर दिलीप मार्को से मारपीट की फिर जेब में रखे दो हजार रुपए और बाईक छीनकर फरार हो गए। दिलीप मार्को किसी तरह अपने घर रायगढ़ पंहुचा और परिजनों को जानकारी दी।

### पेज 1 का शेष

**अब जागा खाद्य ...**

जानकारी ली। उन्होंने वृद्धा की दयनीय स्थिति को देखते हुए तत्काल 7 महीने का राशन दिलवाया और उसके राशन कार्ड में नामिनी जोड़ कर घर तक राशन पहुंचाने की व्यवस्था की। नया खूंटापानी गांव पहुंचे पंचायत के जनप्रतिनिधियों को वृद्धा धनकुंवर ने बताया कि एक राशन कार्ड छोड़ कर उसे सरकार की किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444